गौरा देवी कन्याधन योजना

चर्चा में क्यों?

24 अगस्त, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में घोषणा की कि वर्ष 2015-16 व 2016-17 में **गौरा देवी कन्याधन योजना** (Gaura Devi Kanyadhan Yojana) के लाभ से वंचित बालिकाओं को सरकार द्वारा योजना का लाभ दिया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बताया कि जिन बालिकाओं ने वर्ष 2015-16 व 2016-17 में इस योजना के तहत आवेदन किया था तथा उनको इसका लाभ नहीं मिल पाया था, उन्हें इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिये वांछित आवश्यक धनराशि की भी व्यवस्था की जाएगी।
- प्रदेश में वर्ष 2015-16 में 11,300 बालिकाएँ व वर्ष 2016-17 में 21,916 बालिकाएँ योजना के लाभ से वंचित रह गई थीं। इस प्रकार कुल 33,216 बालिकाओं को कन्याधन योजना का लाभ देने के लिये 49.42 करोड़ रुपए की शेष धनराशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।
- गौरतलब है कि 'गौरा देवी कन्याधन' योजना **उत्तराखंड सरकार द्वारा वर्ष 2006-07 में शुरू** की गई थी। इसका मुख्य **उद्देश्य उत्तराखंड राज्य की बीपीएल श्रेणी की 12वीं पास सभी बालिकाओं को उच्च स्तर की शिक्षा हेतु प्रेरित करने के लिये प्रोत्साहन राशि प्रदान करना** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gaura-devi-kanyadhan-yojana